माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा राज्य की 04 महत्वपूर्ण, दरगाहो यथा दरगाह हज़रत सूफी हमीदुद्दीन नागौरी जिला नागौर, दरगाह अधरशिला, कोटा, दरगाह ख्वाजा हमीदुद्दीन चिश्ती उर्फ मिठ्ठे महाबली गागरोन जिला झालावाड तथा दरगाह हज़रत मीरा साहब, बून्दी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने बाबत बजट वर्ष 2017-2018 में राशि 758.00 लाख रूपये की घोषणा की गई।

उपरोक्त चारो दरगाहो के विकास हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग से डी.पी.आर. तैयार करवाकर मंगवाई गई। प्राप्त डी.पी.आर. सहित पत्रावलियां प्रशासनिक अनुमोदन के साथ वित्त विभाग को भिजवाने हेतु संयुक्त शासन सचिव अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग को प्रस्तुत की गई है।